भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2106**

जिसका उत्तर 12.02.2026 को दिया जाना है

**बीजू एक्सप्रेसवे को एनएचएआई नेटवर्क में शामिल करना**

2106. श्री प्रदीप पुरोहित:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-130 सीडी (विशाखापत्तनम-रायपुर) और राष्ट्रीय राजमार्ग-53 (संबलपुर और नागपुर के रास्ते कोलकाता-मुंबई) प्रमुख राष्ट्रीय गलियारे हैं और दोनों ओडिशा के बारगढ़ जिले के अंतर्गत सोहेला ब्लॉक में बीजू एक्सप्रेसवे से जुड़े हुए हैं;

(ख) क्या सरकार को इस बात की भी जानकारी है कि बीजू एक्सप्रेसवे पश्चिमी ओडिशा के लिए एक महत्वपूर्ण सामरिक और आर्थिक संपर्क के रूप में कार्य करता है जो कई जिलों को जोड़ता है और अंतर्राज्यीय व्यापार, पर्यटन, रक्षा गतिशीलता और औद्योगिक विकास को सुगम बनाता है;

(ग) क्या सरकार का राष्ट्रीय राजमार्ग-130 सीडी और राष्ट्रीय राजमार्ग-53 के साथ इसकी रणनीतिक कनेक्टिविटी को देखते हुए बीजू एक्स्प्रेसवे को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) नेटवर्क के अंतर्गत शामिल करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है, समावेशन की समय-सीमा, उन्नयन और वित्तपोषण पद्धति क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और जनहित में इस महत्वपूर्ण गलियारे के उन्नयन और रखरखाव के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ड.) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, ओडिशा राज्य सहित देश में राष्ट्रीय राजमार्गों / एक्सप्रेसवे के सुधार / चौड़ीकरण / निर्माण के लिए व्यवहार्यता अध्ययन / विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करता है। परियोजना कार्यान्वयन और निवेश का निर्णय डीपीआर के परिणाम, संपर्कता की आवश्यकता, यातायात सघनता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर लिया जाता है। बीजू एक्सप्रेसवे का निर्माण ओडिशा राज्य सरकार द्वारा किया गया है और अभी तक बीजू एक्सप्रेसवे को राष्ट्रीय राजमार्गों के नेटवर्क में शामिल करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****